पीने का पानी नहीं मिलने पर किया चकाजाम

सरपंच-सचिव पर निकाला प्रदर्शनकारियों ने गुस्सा : प्रदर्शनकारियों ने कहा शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे करेंगे उग्र प्रदर्शन

गणेशगंज नवभारत। जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जोगीगुफा के ग्राम पायली में जनप्रतिनिधियों तथा शासन की उदासीनता के चलते पानी पानी को मोहताज ग्रामवासियों की कोई सुध लेने वाला नही, जिसके बाद अब ग्रामवासी उतरे सड़क पर किया चक्का जाम। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पायली में में विगत माह से पानी के लिए परेशान ग्रामवासियों ने अपनी समस्या समाधान हेतू कलेक्टर के समक्ष दिसंबर 25 में लिखित आवेदन देकर व्याप्त समस्या से अवगत कराया था परंतु स्तिथि अब भी जस की तस बनी हुई हैं। मौके पर पहुंची डायल 112 सरपंच सचिव द्वारा शीघ्र समाधान किए जानें जैसे आश्वाशन के बाद जाम खुल गया।

ग्रामीणों ने सचिव-सरपंच पर मनमानी के आरोप लगाये

पायली ग्रामवासियों ने नवभारत से चर्चा में बताया कि ग्राम पायली एवं जोगीगुफ़ा के बीच स्थित सरकारी कुंआ से पूर्व में ग्राम पायली की जलापूर्ति की जाती थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों से उक्त कुंए का पानी पायली में न देकर सिर्फ़ जोगीगुफा में दिया जा रहा है जिससे पायली के ग्रामवासियों को पानी के लिए मोहताज रहना पड़ रहा है। वही पानी की समस्या की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मति मालती मुकेश डेहरिया ने पंचायत के जिम्मेदारों को एक दिन जोगीगुफा तथा एक दिन पायली में पानी दिए जाने की बात कही गई परंतु पंचायत द्वारा ऐसा नहीं किया गया जिससे ग्रामवासियों में सरपंच सचिव के प्रति भारी रोष व्याप्त हैं।

सकरी मोर्चा समूह जल प्रदाय योजना भी दिखा रही ठेंगा

सिद्धघाट सकरी मोर्चा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत पायली ग्राम में बनी पानी की टंकी से भी जलापूर्ति की जाती रही है।लेकिन विगत कुछ माह से पानी की टंकी ऑपरेटर द्वारा बोल्टेज की समस्या बताकर नहीं भरी जाती ।इस सम्बंध में उच्च अधिकारियों से शिकायत किए जानें पर कुछ दिन पानी की टंकी तो भरी गई लेकिन अब स्थिति फिर जस की तस सिद्धघाट सकरी मोर्चा समूह जल प्रदाय योजना के अधिकारी कर्मचारी की मनमर्जी भीं देखने को मिल रही है जिस कारण भी पायली में पेयजल संकट गहराया है।

इनका कहना है

मेरे बेटे की अभी अभी शादी हुई है शादी में शामिल होने घर आए मेहमानों के लिए एक डिब्बा पानी नहीं मिला हमने बड़ी समस्या के बीच शादी किए हैं।

गायत्री राजपूत निवासी पायली

हमारे गांव में चार माह से पानी नहीं आ रहा है बहुत दिक्कत हो रही है हमने सचिव को फोन लगाकर समस्या बताए तो अभद्रता से बात करते हुए कहा कि गए तो थे कलेक्टर के पास मेरा क्या बिगाड़ लिया।

प्रीति सोनी स्थानीय निवासी पायली

मेरा हार्ड की ऑपरेशन हुआ है। मेरे घर मेरे अलावा कोई नहीं है में पानी के लिए कहां जाऊं मुझे कौन पानी लाकर देगा।

सुनीति बाई स्थानीय निवासी पायली

दिसंबर माह में जनसुनवाई हेतू कलेक्टर कार्यालय सिवनी गए थे परन्तु हमारी समस्या कहीं नहीं सुनी जा रही पायली का पानी उल्टा जोगीगुफ़ा भेजा जा रहा है

बृजेंद्र सोनी स्थानीय निवासी पायली

श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

सिवनी नवभारत। परासपानी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में कथा व्यास गीता मनीषी ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरुप जी महाराज ने आज की कथा में बताया कि भगवान् को अवतार लेने की आवश्यकता क्यों है? और अवतार लेकर क्या-क्या करते हैं? ये प्रश्न शौनकादि ऋषिओं ने सूत जी से पूछा तब सूत जी गुरु का स्मरण कर शौनकादि ऋषिओं से भगवान् के 24 अवतारों की कथा सुनाई।

पूज्य श्री ने बताया कि पाँच महा पाप ऐसे होते हैं इनका प्रायश्चित नहीं है। ब्रह्म हत्या किसी की भी हत्या नहीं करनी चाहिए मगर ब्राह्मण हत्या बिल्कुल नही करना चाहिए किसी भी प्रकार का आभक्ष्य या पेय पदार्थ नही खाना पीना चाहिए शराब बिल्कुल नहीं पीना चाहिए कथा व्यास पीठ पर विराजे ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी ने कहा कि वैसे तो कोई भी चोरी नहीं करना चाहिए मगर स्वर्ण चोरी बिल्कुल नहीं करना चाहिए। व्यभिचार, दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए पर गुरु पत्नी गमन बिल्कल नहीं करना चाहिए, पांचवा पाप के बारे में बताया कि जो ये चार पाप कर रहा उसका साथ देने वाल ये पांचवा पाप है इसीलिए इस महापापों से वचना चाहिये। इन पांच पापों से बचकर जो भगवान् का ध्यान, स्मरण करत है, उसी का उद्धार होता है।

एक नजर में

द बीकन स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया

सिवनी। भैरोगंज परतापुर द बीकन रोड पर, वार्षिक उत्सव गया सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि के रूप में रामखेलावन पटेल पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह पटेल सरदार पटेल यूनिवर्सिटी

कुलाधिपति बालाघाट वीरेश्वर सिंह संचालक सरदार पटेल यूनिवर्सिटी बालाघाट, राकेश सनोडिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष सिवनी, राजेश त्रिवेदी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सिवनी घनश्याम सनोडिया जिलापंचायत सदस्य सिवनी, लोचन मार्कोले जनपद अध्यक्ष कुरई, कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश महासचिव . एल पटेल एवं स्कूल अन्य स्कूल के संचालक कार्यक्रम में शामिल हुए द बीकन स्कूल परिवार के द्वारा सभी अतिथियों का तिलक एवं फूल माला से स्वागत किया गया।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय में ईको क्लब के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम सत्र के अंतर्गत एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रो. रचना सक्सेना एवं डॉ मुक्ता मिश्रा ने विशेष सहयोग दिया कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में डॉ आर. एस. डहेरिया, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. मनीषा सोनेकर, डॉ. धनेंद्र गुर्देकर एवं महाविद्यालय के सभी स्टॉफ का सहयोग रहा कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली कार्यक्रम का संचालन डॉ. टी. पी. सागर ने और आभार डॉ. संदीप शुक्ला इकोक्लब प्रभारी ने किया।

बोर्ड परीक्षा को लेकर एनएसयूआई ने की अपील

सिवनी। कल से 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। सेंटर तक पहुंचने में किसी भी छात्र को किसी प्रकार की समस्या होती है तो हमसे 7999217231 इस नंबर पर संपर्क करें। एनएसयूआई के साथी आपकी हर संभव मदद करेंगे। जिला प्रशासन से अनुरोध है कि हेलमेट, मोटर, वाहन,ऑटो आदि की चैकिंग में इस बात का ध्यान रखें कि कहीं कोई छात्र उसमें परीक्षा देने जा रहा हो तो वह अपनी परीक्षा से वंचित न हो पाए, जिले के छात्रों की बोर्ड परीक्षा की इस घड़ी में जिला प्रशासन अपने नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारी एवं मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए अपनी कार्यवाही करे।

विधायक ने की जनसुनवाई, शीघ्र निदान का दिया आश्वासन

पेंच परियोजना नहर की डी-4 शाखा का किया निरीक्षण

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बारापत्थर स्थित कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। प्रात: 11:00 बजे से विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा अपने कार्यालय मे जनसुनवाई किया। इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुन ने प्रत्येक आवेदकों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सेवा ही हमारा मुख्य ध्येय है समस्याओं का शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम सोनाडोंगरी मे पेंच परियोजना नहर की डी-4 शाखा ग्राम खामखरेली से ग्राम कलारबांकी की ओर जाने वाली नहर निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य मे लगे अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य की गति बढ़ाते हुए शीघ्र करने के निर्देश दिया।

शौचालय की दीवार गिरने से मासूम छात्र घायल, नागपुर रेफर

अभिभावक चिंतित

कुरई नवभारत। कुरई विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र चक्कीखमरिया की प्राथमिक शाला कुडोडोबरी में जर्जर स्कूल भवन और शौचालय व्यवस्था ने एक मासूम की जान खतरे में डाल दी। मंगलवार 3 फरवरी को लघु अवकाश के दौरान शौचालय की जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे कक्षा चौथी का छात्र अयांश धुर्वे (10 वर्ष) पिता राजेंद्र धुर्वे गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद स्कूल की शिक्षिकाओं और ग्रामीणों की मदद से बालक को पहले सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र ग्वारी ले जाया गया, जहां से उसे जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर किया गया। वहां संतोषजनक उपचार न मिलने पर परिजन बालक को निजी अस्पताल होते हुए नागपुर ले गए। डॉक्टरों के अनुसार पेट में अंदरूनी खून जमा होने से ऑपरेशन की स्थिति बन गई है।

विद्यालय में वर्तमान में केवल 14 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और दो शिक्षिकाएं पदस्थ हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन, शौचालय और बाउंड्री वॉल पिछले पांच वर्षों से जर्जर अवस्था में हैं। बरसात के मौसम में परिसर में पानी भर जाता है और कक्षाओं की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं। इस गंभीर स्थिति को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आधा तोड़कर छोड़ दिया था शौचालय

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नवीन बालिका शौचालय निर्माण के लिए राशि तो स्वीकृत की गई, लेकिन पुराने शौचालय को आधा तोड़कर छोड़ दिया गया। इसी अधूरे और असुरक्षित निर्माण की दीवार गिरने से यह बड़ा हादसा हुआ। आरोप यह भी है कि पीटीए अध्यक्ष स्वयं ठेकेदार और मिस्त्री बनकर निर्माण कार्य करा रहे थे। हैरानी की बात यह है कि हादसे के एक सप्ताह बाद तक कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों द्वारा बार-बार फोन करने के बाद करीब एक सप्ताह पश्चात बीआरसी, जनशिक्षक एवं इंजीनियर विद्यालय पहुंचे। हादसे के दो दिन बाद से बच्चों की कक्षाएं गांव के एक निजी मकान में अस्थायी रूप से संचालित की जा रही हैं। जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने बीआरसी प्रभु दयाल नाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे शिक्षकों को अनावश्यक रूप से परेशान करते हैं, जिसकी लिखित शिकायत भी की गई है।

वहीं सरपंच प्रतिनिधि लेखराम मर्सकोले ने बताया कि पूर्व में ही स्कूल भवन को ध्वस्त करने का प्रस्ताव पारित कर बच्चों को वहां न बैठाने की बात कही गई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

इस पूरे मामले पर बीआरसी प्रभु दयाल नाग ने सफाई देते हुए कहा कि बालक का उपचार पहले डॉ. महेंद्र ओगर द्वारा किया गया और बाद में नागपुर ले जाया गया। उनके अनुसार बच्चा अब स्वस्थ है। उन्होंने यह भी बताया कि भवन निर्माण के लिए पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक राशि आवंटित नहीं हो पाई है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी इस स्कूल की बदहाल स्थिति को लेकर मुद्दा उठाया जा चुका है, बावजूद इसके प्रशासन की उदासीनता अब एक मासूम के जीवन पर भारी पड़ गई। सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा शिक्षा विभाग, और क्या जर्जर स्कूलों की कीमत बच्चों की जान से चुकानी पड़ेगी?

गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली से लौटे विद्यार्थियों का पीजी कॉलेज में भव्य स्वागत

सिवनी नवभारत। गणतंत्र दिवस समारोह, नई दिल्ली से लौटने पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय पी.जी. कॉलेज, सिवनी की एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर प्राची ताराम, सीनियर अंडर ऑफिसर निखिल चौरे एवं गणतंत्र दिवस समारोह भोपाल से लौटी एनएसएस स्वयंसेवक दिशा बघेल का महाविद्यालय परिसर में भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर चयन होकर गणतंत्र दिवस जैसे गौरवपूर्ण समारोह में सहभागिता करने से महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले का मान बढ़ा है।

पी.जी. कॉलेज के एनसीसी अधिकारी

लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट अंडर ऑफिसर प्राची ताराम ने गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय एनसीसी का प्रतिनिधित्व किया। वहीं निखिल चौरे ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पी.एम. रैली में स्पेशल एनआईसी के माध्यम से सहभागिता की। साथ ही एनएसएस स्वयंसेवक दिशा बघेल ने गणतंत्र दिवस समारोह भोपाल में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य स्वागत रैली का आयोजन किया गया, जो मुख्य मार्ग से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस चौक, सोमवारी चौक से होते हुए महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इसके पश्चात् महाविद्यालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने तीनों प्रतिभागियों का फूल मालाओं एवं पुष्पगुच्छों से स्वागत किया।

युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा बजट : राजपूत

लखनादौन नवभारत। लखनादौन स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शुभम राजपूत ने केंद्रीय बजट 2026 पर युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं को अपार अवसर प्रदान करने वाला है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मजबूत आधार रखता है। शुभम राजपूत ने कहा कि केंद्र सरकार के संकल्प को यह बजट नई दिशा और नई गति देने वाला है। युवाओं की ऊर्जा, सहभागिता और नवाचार ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि भारत जिस सुधार की रफ्तार पर आगे बढ़ रहा है, उसे इस बजट से नई ऊर्जा मिलेगी। अभूतपूर्व सुधारों ने देश के महत्वाकांक्षी, साहसी और प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने के व्यापक अवसर दिए हैं। यह बजट विश्वास आधारित शासन और मानव-केंद्रित आर्थिक ढांचे की परिकल्पना को साकार करता है। साथ ही यह राजकोषीय घाटा कम करने, मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और उच्च विकास दर सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

चेतावनी 8 महीने पहले लोकार्पण के बावजूद ताले में कैद है स्वच्छता परिसर ; संचालन न होने पर निरस्त होगा कॉन्ट्रैक्ट

बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स को लेकर परिषद सख्त, ठेकेदार को 2 दिन का अल्टीमेटम

छपारा नवभारत। नगर के वार्ड नंबर 3, शिवनगर वार्ड (चमारी मार्ग तिराहा) में जनता की सुविधा के लिए बनाया गया सुलभ शौचालय प्रशासन की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण पिछले 8 महीनों से शो-पीस बना हुआ है। 40 लाख की लागत से बने इस सर्वसुविधायुक्त परिसर का लोकार्पण 21 जून 2025 को किया गया था, लेकिन आज तक इसे आम जनता के लिए खोला नहीं जा सका।

पिछले दिनों समाचार पत्रों में इस मुद्दे के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद छपारा की नींद टूटी है। नगर परिषद की सीएमओ सुश्री गीता बाल्मिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आगामी दो दिनों के भीतर सुलभ कॉम्प्लेक्स का संचालन अनिवार्य रूप से शुरू किया जाए। यदि निर्धारित समय में काम शुरू नहीं होता है, तो ठेकेदार का अनुबंध (रजिस्ट्रेशन) तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। स्थानीय नागरिकों और व्यापारिक संगठनों ने मांग की है कि केवल नोटिस तक कार्रवाई सीमित न रहे, बल्कि जल्द से जल्द शेष चिन्हित स्थानों पर भी सुलभ परिसरों का निर्माण और संचालन सुनिश्चित किया जाए।

इनका कहना है

वार्ड नंबर 3 शिव नगर स्थित सुलभ शौचालय के ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया गया है। आगामी दो से तीन दिन में संचालन शुरू नहीं होने पर ठेकेदार का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

गीता बाल्मिक, सीएमओ, नप छपारा

लाखों की लागत, पर सुविधा शून्य

विगत साढ़े तीन साल पहले नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और भौतिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत से चार अलग-अलग स्थानों पर सुलभ शौचालय निर्माण के टेंडर जारी किए गए थे। इनमें से चमारी मार्ग स्थित शौचालय तो बनकर तैयार है, लेकिन संचालन के अभाव में धूल फांक रहा है। वहीं, बस स्टैंड पर शौचालय की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है, जिससे यात्रियों और स्थानीय व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

सिवनी नगर पालिका में हुई जल सुनवाई, 5 स्थानों में हुई पानी की टेस्टिंग

सिवनी नवभारत। प्रत्येक मंगलवार को नगर पालिका में जल सुनवाई शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 10 फरवरी को भी मठ मंदिर प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, जलप्रदाय प्रभारी, सहायक प्रभारी एवं जलप्रदाय अमला लाईनमेन, फिटर उपस्थित रहे। शिविर में 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 09 शिकायत का तत्काल निराकरण किया गया साथ ही

प्रतिदिन पानी टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा हैं जिसमें आज कबीर वार्ड के 05 स्थानों का पानी टेस्टिंग किया गया।

भोपाल 11 की दमदार जीत,गुजरात ट्राई ब्रेकर में विजयी

चौथे दिन रोमांचक मुकाबलों से गूंजा हॉकी मैदान

सिवनी नवभारत। स्वर्गीय सौभाग्य चंद मालू स्मृति में आयोजित अशोक एंड अशोक हॉकी टूर्नामेंट के चौथे दिन खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहले मैच में भोपाल और नागपुर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, वहीं दूसरे मैच में सिवनी और गुजरात के बीच मुकाबला ट्राई-ब्रेकर तक पहुंचा।

कलाम खान एवं जीशान खान द्वारा तैयार की गई सितारों से सजी भोपाल 11 टीम ने नागपुर के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-2 से जीत दर्ज की।

पहले क्वार्टर में भोपाल ने बढ़त बनाई, जबकि दूसरे क्वार्टर में नागपुर ने जवाबी खेल दिखाते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने तेज आक्रमण और सुदृढ़ रक्षा का प्रदर्शन किया। फर्स्ट हाफ के बाद भोपाल टीम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए लगातार तीन गोल दागे और मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के

महासचिव राजा बघेल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु बधाई दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी शिव सनोडिया, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा, जिला बार एसोसिएशन सिवनी के अध्यक्ष सहित अधिवक्ता गण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

दूसरा मुकाबला सिवनी और गुजरात के मध्य खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। ट्राई-ब्रेकर में गुजरात ने 4-2 से जीत दर्ज की। इस मैच के मुख्य अतिथि सिवनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा जी ,पूर्व विधायक नरेश दिवाकर एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी रहे।

पूर्व विधायक नरेश दिवाकर ने खिलाड़ियों के उत्साह और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, किंतु खिलाड़ियों का जज्बा प्रेरणादायक है। राजेश त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन सिवनी की खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

आवश्यकता हैं
दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146